परमेश्वर के लोगों के रूप में रहना

(4:1)

ज़्या आपने कभी किसी मापदण्ड के अनुसार चलने के शपथ पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं? आपने या आपके माता-पिता ने स्कूल के नियमों पर चलने के लिए प्रतिज्ञा के रूप में किसी कागज पर हस्ताक्षर किए होंगे। आपने नौकरी लेने के समय कंपनी की नीतियों का पालन करने की सहमति के लिए हस्ताक्षर किए होंगे। किसी संगठन में शामिल होने पर, आपसे उसके मापदण्डों के अनुसार चलने की अपेक्षा की जाती है।

मुझे याद है कि मसीही बनने के समय मैंने केवल एक कार्ड पर हस्ताक्षर किए थे। उस रविवार की रात को भजनों की किताब नीचे रखकर सभा के सामने जाने पर मैं घबराया हुआ था; मेरी हथेलियों पर पसीना आ रहा था और टांगें कांप रही थीं। प्रचारक ने मुझे एक कार्ड दिया था, जिसमें मुझे अपना नाम और पता भरना था। कार्ड में तीन विकल्प दिए गए थे जिनमें से एक चुनना था: ''मैं बपतिस्मा लेना चाहता हूं,'' ''मैं पापों का अंगीकार करना चाहता हूं,'' ''मैं कलीसिया की सदस्यता लेना चाहता हूं।'' मैंने ''मैं बपतिस्मा लेना चाहता हूं'' पर टिक किया। बपतिस्मा लेकर जब मैं पानी से बाहर आया, तो किसी ने मुझे किसी कागज पर हस्ताक्षर करने के लिए नहीं कहा था, जिसमें लिखा हो कि मैं कलीसिया के मापदण्डों के अनुसार चलूंगा। इसका अर्थ यह नहीं है कि कलीसिया का कोई मानक नहीं है। मानक तो हैं। परमेश्वर कुछ निश्चित मापदण्डों के पूरा होने की जिज़्मेदारी देता है। वह हमसे अपने बच्चों के रूप में काम करने की उज़्मीद करता है।

इफिसियों के नाम अपनी पत्री के दूसरे भाग में, पौलुस ने कलीसिया के लिए कुछ बुनियादी मापदण्ड ठहराए। उसने मसीही जीवन के लिए आवश्यक बातें बताईं। अपनी रीति के अनुसार, पौलुस ने अपनी पत्रियों में शिक्षा सज़्बन्धी भाग और फिर व्यावहारिक भाग चुना। इफिसियों की पत्री के पहले तीन अध्यायों में डॉज़्ट्रिन या शिक्षा की भारी खुराक है। अध्याय 4 से 6 में पौलुस डॉज़्ट्रिन से मसीह में जीवन के व्यावहारिक पहलू की ओर मुड़ गया।

इफिसियों 4:1 शिक्षा और व्यावहारिक भागों के बीच एक पुल का काम करती है: ''सो मैं जो प्रभु में बंधुआ हूं तुम से बिनती करता हूं, कि जिस बुलाहट से तुम बुलाए गए थे, उसके योग्य चाल चलो।'' मुझे द *न्यू सैंचुरी वर्ज़न* के इस पद का अनुवाद अच्छा लगता है:

''मैं कैद में हूं ज़्योंकि मैं प्रभु का हूं। परमेश्वर ने तुज़्हें अपने लोग होने के लिए चुना और मैं तुज़्हें बताता हूं कि परमेश्वर के लोगों का जीवन कैसा होना चाहिए।'' 4 से 6 अध्यायों में, पौलुस ने इस जीवन के जीने का ढंग बताया। उसने बताया कि परमेश्वर के लोगों का किस प्रकार का जीवन होना चाहिए।

चाल

मसीही जीवन के बारे में पौलुस की सोच दृढ़ थी। द NIV बाइबल में आयत 1 का अनुवाद इस प्रकार है, ''[मेरी] तुम से *बिनती* है कि उस बुलाहट के योग्य चाल चलो जिसके लिए तुम बुलाए गए हो।'' ''बिनती'' के लिए यूनानी शज़्द *parakaleo* है, जिसका इस्तेमाल पौलुस ने अपनी गहरी और पज़्की चिंता व्यज़्त करने के लिए किया।

जब मैं जूनियर हाई स्कूल में था तो अज़्सर ऐसा व्यवहार करता था जैसे मुझे सब कुछ पता हो। जीवन के उस काल में, मेरी अपने पिता से कई बार अनबन हो जाती थी। एक बार जब वह काम के सिलसिले में बाहर गए थे, उन्होंने जीवन की तुलना बॉस्केटबॉल के खेल से करते हुए मुझे एक पत्र लिखा। मुझे वह पत्र कुछ सालों के बाद मिला। उसका कागज़ पुराना, रद्दी और खराब हो चुका था। स्याही फीकी पड़ गई थी, परन्तु शज़्दों का अर्थ नहीं बदला था। अभी भी पत्र के हर वाज़्य का गंभीर अर्थ था। अभी भी यह स्पष्ट था कि उन्होंने यह पत्र मन से लिखा था।

पौलुस ने इफिसियों के नाम अपने पत्र में दिल से लिखा। उसने कलीसिया को उस बुलाहट के योग्य जीवन बिताने की बिनती की, जिसके लिए उन्हें बुलाया गया था। इफिसियों की पत्री लिखे दो हज़ार साल हो चले हैं, लेकिन आज भी इसका महत्व उतना ही है। योग्य चाल चलने की यह बुलाहट आज भी उतनी ही आधुनिक, दृढ़ और आवश्यक है जितनी इफिसुस के मसीहियों के लिए थी।

एक और मुज़्य शज़्द ''योग्य'' (यू.: *axios*) पर ध्यान दें। ''योग्य'' का ज़्या अर्थ है? जब मैं मिडलैण्ड, टैज़्सस की एक मण्डली का सदस्य था, तो हम अज़्सर पिकनिक और आइसक्रीम पार्टियों के लिए पार्क में जाया करते थे। बड़े वॉलीबॉल खेलते थे और बच्चे झूमा-झूमी वाले झूले पर बैठ जाते थे। झूले पर चढ़ने के लिए अधिक कुशलता की आवश्यकता नहीं होती, परन्तु इसके लिए संतुलन बनाना आवश्यक है। इसके लिए झूले को ऊपर-नीचे करने के लिए दो लोग चाहिए होते हैं। यह झूला तभी काम करता है जब दोनों ओर एक-एक व्यज़्ति बैठा हो।

''योग्य'' के लिए पौलुस के शज़्द में यही विचार है। मूलत: इसका अर्थ है ''संतुलित करने वाला।'' पौलुस ने शिक्षा और व्यवहार के बीच संतुलन पर ज़ोर दिया। उसने कुछ हद तक बताते हुए विस्तार से समझाया कि मसीह ने हमारे लिए ज़्या किया है, मसीह में हम कौन हैं और मसीह में हमें ज़्या मिलता है। पौलुस के कहने का अर्थ यह नहीं था कि शिक्षा का ज्ञान ही काफी होगा। वह हमें दिखाना चाहता था कि हम कौन हैं ताकि हम वैसे कार्य कर सकें जैसे हम हैं।

4 से 6 अध्यायों में दिखाया गया है कि हमें उस प्रकार कैसे काम करना चाहिए। पौलुस के शब्द परमेश्वर के लोगों को दिखाते हैं और यह कि वास्तविक संसार में परमेश्वर की संतान के रूप में वे कैसे रहते हैं। इन तीन अध्यायों की सामग्री की एक सरल रूपरेखा इस प्रकार है:

1. *मेल* (4:1-16)-मसीह की देह में एकता को सबसे अधिक महत्व दें।
2. *पवित्रता* (4:17-6:19)-दैनिक जीवन में भक्ति का गंभीरतापूर्वक पीछा करें।
3. *युद्ध* (6:10-23)-मार्ग में हर कदम पर शैतान के विरोध की उम्मीद रखें।

''झूले'' का एक सिरा कलीसिया का ज्ञान है। इसमें छुटकारे की आवश्यकता को समझते हुए, इस रहस्य पर आश्चर्य करते हुए, उद्धारकर्ता के प्रेम को मापने के लिए पूरी तरह से अनुग्रह की धारणा को पकड़ना शामिल है।

''झूले'' के दूसरे सिरे का क्या अर्थ है? परमेश्वर की कलीसिया बन कर रहने के बारे में क्या विचार है? अभी तक झूठ का अस्तित्व क्यों है? न्याय करने वाली आत्माओं का क्या होगा? बनाने के बजाय बिगाड़ने वाली बातों से हमें कैसे निपटना चाहिए? मसीह के प्रेम पर प्रवचन देना लेकिन प्रेम न करने वाला पति या पत्नी होना कैसे हो सकता है? ऐसा कैसे हो सकता है कि हम ''हे प्रभु, मैं तेरे नाम की महिमा करूंगा'' जैसे गीत गाकर उन माता-पिता का अपमान करें, जो प्रभु ने हमें दिए हैं?

क्या आपको पौलुस की बात समझ आती है? हमें केवल ज्ञान रखने के लिए ही नहीं कि परमेश्वर के लोगों को क्या पता होना चाहिए बल्कि परमेश्वर के लोग होने के लिए भी बुलाया गया है।

बुलाहट

4:1 के शब्दों को फिर से पढ़ें: ''सो मैं जो प्रभु में बंधुआ हूं तुम से बिनती करता हूं, कि जिस बुलाहट से तुम बुलाए गए थे, उसके योग्य चाल चलो।'' हमने पहले ही देखा है कि पौलुस ने ''बिनती'' शब्द का इस्तेमाल गंभीरता दिखाने के लिए किया। ''योग्य'' शब्द में उस शिक्षा में, जिसके हम हैं और जो मसीह में हमें मिला है और उस बुलाहट में व्यावहारिक अन्तर का, जिसके लिए हमें बुलाया गया है, आवश्यक संतुलन मिलता है।

एक और शब्द ''बुलाहट'' (यू.: *klesis*) की समीक्षा करते हैं। पौलुस ने लिखा, ''... जिस बुलाहट से तुम बुलाए गए थे, उसके योग्य चाल चलो।'' ''बुलाहट'' शब्द एक क्रिया से निकला है, जिसमें किसी व्यक्ति के साथ उसे निकट लाने के लिए बात करने का विचार है। जब मैं छोटा था, तो मेरी मां खाना बनाने के बाद हमें खाना खाने के लिए आवाज़ देती थी। ऐसा वह परिवार को इकट्ठे भोजन करने की इच्छा से करती थी। इस क्रिया का मूल विचार यही है। मसीही होने के कारण, हमें परमेश्वर की ओर से एक पुकार आई है। उसने हमारे साथ अपने वचन और अपने पुत्र के द्वारा बात की है, क्योंकि वह चाहता है

कि हम में से हर एक उसके पास आए।

नये नियम में, ''बुलाहट'' के क्रिया रूप का इस्तेमाल किसी व्यक्ति को बुलाने के लिए किया गया है। यूसुफ को बताया गया था कि मरियम एक पुत्र को जन्म देगी और उसका नाम यीशु होगा (मत्ती 1:21)। हम जब आज्ञा मानकर यीशु की बात मानते हैं, तो परमेश्वर हमें नये नाम या पदनाम देता है। वह हमें ''पवित्र लोग,'' ''मसीह के साथ वारिस,'' ''उसके बनाए हुए,'' ''उसका घराना'' ''पुत्र और पुत्रियां'' ''संतान,'' ''छुड़ाए हुए'' बुलाता है।

यही क्रिया तब मिलती है जब किसी को कोई विशेष जिम्मेदारी सौंपी जाती है। पौलुस ने कहा कि उसे प्रेरित होने के लिए ''बुलाया गया'' था (रोमियों 1:1)। परमेश्वर ने पौलुस को एक कार्य के लिए चुना। हमारे बुलाए जाने में भी जिम्मेदारी है क्योंकि हमारा उद्धार सेवा के लिए हुआ है। परमेश्वर ने हमें संसार में मसीह के प्रतिनिधि बनने के लिए अलग किया है।

क्रिया शब्द ''बुलाहट'' का तीसरा इस्तेमाल दावत के निमन्त्रण से सम्बन्धित है। मत्ती 22 अध्याय में यीशु ने विवाह की दावत का एक दृष्टांत बताया। एक राजा ने बहुत बड़ा भोज तैयार किया था। भोज में उसने लोगों को बुलाने के लिए अपने सेवकों को भेजा। हमें परमेश्वर के राज्य के भोज का विशेष निमन्त्रण मिला है। प्रकाशितवाक्य 19:9 कहता है, ''धन्य हैं वे, जो मेमने के ब्याह के भोज में बुलाए गए हैं।''

नये नियम में ''बुलाहट'' का तीसरा ढंग अदालत के सम्मन की तरह है। पतरस और यूहन्ना को महासभा के सामने बुलाया गया है (प्रेरितों 4:18)। पौलुस को फेलिक्स के सामने बुलाया गया था (प्रेरितों 24:2)। बुलाया जाना *हिसाब देने* के लिए किसी जज के सामने पेश होने के सम्मन को कहा जा सकता है। क्या हमारी बुलाहट यही नहीं है? हमें जजों के जज के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है।

''बुलाना'' से जुड़े सभी संकेतों के साथ इसका अर्थ दूसरों को निकट लाने के लिए उनसे बात करना है। परमेश्वर ऐसा हमें अपने पुत्र और पुत्रियां कहकर करता है। वह हमें अपनी सेवा के लिए बुलाकर अपने निकट लाता है। वह हमें मेमने के विवाह के भोज का व्यक्तिगत निमन्त्रण देकर निकट लाता है। परमेश्वर हमारे जीवन के बाद जज के सामने पेश होने का सम्मन देकर हमें और भी निकट लाता है।

जिस कारण, इफिसियों की पत्री का हमारे लिए संदेश है, ''मसीही लोगो, अपना जीवन उस बुलाहट के अनुसार बनाओ। तुम्हारा जीवन वैसा हो, जैसा परमेश्वर ने बनाने के लिए तुम्हें बुलाया है। यह मत भूलो कि तुम कौन हो। उस बुलाहट के योग्य जीवन बिताओ।''

बातें करना आसान है। जैसे कई लोग आज कहते हैं, ''बातें तो की जा सकती हैं, लेकिन क्या आपका जीवन वैसा है जैसा होना चाहिए?''

सारांश

आम तौर पर प्राइमरी और हाई स्कूल के छात्रों के छोटा-बड़ा होने पर ज़ोर दिया जाता

है। स्कूल के अधिकारी स्कूल की परज़पराओं तथा मूल्यों के प्रति निष्ठावान होने पर ज़ोर देते हैं। मैं जब स्कूल में पढ़ता था तो यह ज़रूरी होता था। बहुत लोगों को स्कूल में अपने बुलाए जाने के अनुसार रहने की जिज़्मेदारी अभी भी याद होगी।

यह पद हमें एक और बुलाहट अर्थात उसके जैसा बनने के लिए जीने की चुनौती देता है। हम परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां हैं। परमेश्वर के पुत्र के रूप में, यीशु पृथ्वी पर हमें यह दिखाने के लिए आया कि परमेश्वर की संतान होकर रहने का ज़्या अर्थ है। उसने हमें दिखाया कि हमें किस लिए बुलाया जाता है। ज़्या आपका जीवन मसीह की बुलाहट के अनुसार है ? आप इस प्रकार से ''बुलाहट के योग्य चाल चल'' सकते हैं: (1) *अपनी आत्मिक स्थिति की समीक्षा करें।* परमेश्वर से कहें कि वह आपके जीवन की उन बातों को प्रकट करे जो आपकी बुलाहट से मेल नहीं खातीं। (2) *जो बदलाव लाने की आवश्यकता है, उसमें से एक चुनें और इसी सप्ताह उस पर काम करना आरज़्भ कर दें।* परिवर्तन तभी आते हैं जब हमारा लक्ष्य स्पष्ट हो। इस सप्ताह के लिए आप एक लक्ष्य तय कर लें। अगले रविवार आराधना में वापस जाने पर, आप ''उस बुलाहट के योग्य'' जीवन जीने के लिए एक और कदम उठाने की सहायता के लिए परमेश्वर की महिमा कर सकते हैं।